राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़
Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 / 1406 / 2023 दिनांकः– 09 मई, 2023

सेवा में, **अति आवश्यक / समयबद्ध**

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबंधक,
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विशयः–महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों की सत्र 2023–24 की संबद्धता के संबंध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में निर्गत पत्र संख्या आर0एम0पी0यू0 / 100 / 2022 दिनांक 02.03.2022 एवं अनुस्मारक संख्या आर0एम0पी0यू0 / 1107 / 2022 दिनांक 05 सितम्बर, 2022 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा निर्देशित किया गया था कि जिन महाविद्यालयों के पास महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की संबद्धता नहीं है, वे संबद्धता प्राप्त करने हेतु पत्रावली विश्वविद्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा कर दें।

अत्यंत खेद के साथ पुनः सूचित किया जाता है कि अभी भी अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा निरीक्षण मण्डल गठित किये जाने हेतु पत्रावली विश्वविद्यालय में जमा नहीं की है, ऐसी स्थिति में महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की निरन्तरता सुनिश्चित नहीं की जा सकती। **ऐसे महाविद्यालय सत्र 2023–24 में प्रवेश प्रक्रिया से वंचित किये जा सकते है।**

मा0 कुलपति जी के निर्देशानुसार आदेशित किया जाता है कि जिस महाविद्यालय में वर्तमान में जो पाठ्यक्रम संचालित है और उनके पास उस पाठ्यक्रम की सत्र 2023–24 हेतु संबद्धता प्राप्त नहीं है, वे यह सुनिश्चित करें कि **सत्र 2023–24 हेतु संबद्धता प्राप्त करने के लिये उनकी पत्रावली विश्वविद्यालय में दिनांक 16 मई, 2023 तक अवश्य जमा हो जाये।** यदि संबंधित महाविद्यालय द्वारा इस संबंध में कार्यवाही नहीं की जाती है और उसे संबंधित पाठ्यक्रम की संबद्धता विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान नहीं की जाती है तो उस महाविद्यालय के संबंधित पाठ्यक्रमों में सत्र 2023–24 हेतु प्रवेश किया जाना संभव नहीं होगा। उस महाविद्यालय का उस पाठ्यक्रम का लिंक नहीं खोला जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि सत्र 2023–24 हेतु किसी महाविद्यालय के किसी पाठ्यक्रम में संबद्धता विस्तरण प्रदान नहीं किया जायेगा।

भवदीय,

9/5/23

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा / अलीगढ परिक्षेत्र।
3. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में उक्त सूचना को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी बेवसाइट को इस निर्देश के साथ कि समस्त महाविद्यालय के लॉग–इन पर लगायें तथा विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड करें।
5. गार्ड फाईल।

9.05.23
सहायक कुलसचिव